# सीएम ने यूपीडा की समीक्षा की, बेहतर कनेक्टिविटी पर दिया जोर

# दिसंबर अंत तक पूरा किया जाए गंगा एक्सप्रेस-वे का काम : योगी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

सीएम योगी ने गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य दिसंबर अंत तक पूरा करने का निर्देश दिए है। जिससे राज्य के पश्चिमी और पूर्वी अंचलों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर हो सके। यह एक्सप्रेस-वे मेरठ से प्रयागराज तक बनाया जा रहा है। यूपीडा की समीक्षा बैठक के दौरान बुधवार को सीएम ने कहा कि एक्सप्रेस-वे केवल सड़कों का जाल नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक भविष्य की रीढ़ है।

बैठक में गंगा एक्सप्रेस-वे के विस्तार स्वरूप प्रस्तावित मेरठ-हरिद्वार लिंक एक्सप्रेस-वे, नोएडा-जेवर लिंक एक्सप्रेस-वे, चित्रकूट-रीवा लिंक एक्सप्रेस-वे तथा प्रयागराज, मीरजापुर, वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र तक प्रस्तावित विंध्य एक्सप्रेस-वे व विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे के रूट पर विस्तृत चर्चा हुई। सीएम योगी ने कहा कि इन नए एक्सप्रेस-वे की योजना बनाते समय भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे और हाइवे नेटवर्क का पूरा ध्यान रखा जाए, ताकि दोहराव से बचा जा सके।

## डिफेंस कॉरिडोर के हर नोड पर बनेंगे स्किल डिवेलपमेंट सेंटर

मुख्यमंत्री ने डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से जुड़े सभी नोड्स में स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना के निर्देश दिए। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट नोड शामिल है। बैठक में बताया गया कि डिफेंस कॉरिडोर के लिए अब तक लगभग 30,819 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिल चुके है। 5039 एकड़ भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है।



## 3 साल तक निवेश प्रक्रिया आगे न बढ़ाने पर रद्द होंगे आवंटन

सीएम ने कहा कि भूमि आवंटन के तीन साल के भीतर यदि निवेशक द्वारा जमीन का उपयोग नहीं किया जाता है तो ऐसा आवंटन स्वतः निरस्त किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि उपयोग की निगरानी की पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेस-वे के किनारे विकसित हो रहे औद्योगिक क्लस्टर और लॉजिस्टिक पार्कों में निवेश आकर्षित करने के लिए यूपीडा ने बिजली, जलापूर्ति, ट्रक टर्मिनल और हेल्थ-इमरजेंसी सुविधाओं की व्यवस्था के लिए तय समय सीमा में इन कार्यों को पूरा करने की योजना बनाई है।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से बीडा को जोड़ने के लिए बनेगा लिंक एक्सप्रेस

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) की कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को बीडा से जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा। बुधवार को इसके निर्देश सीएम योगी ने बीडा की समीक्षा बैठक में दिए। साथ ही इस क्षेत्र में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही, आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे को बीडा तक बढ़ाने की आवश्यकता जताई और इसके लिए एनएचएआई से संवाद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीडा को प्रदेश के औद्योगिक विकास का नया ग्रोथ इंजन बनाया जाएगा, जिससे बुंदेलखंड अब पिछड़ेपन की परिभाषा नहीं, बल्कि प्रगति का प्रतीक बनेगा।

> एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और लॉजिस्टिक्स पार्क का होगा विकास

सीएम ने रेलवे नेटवर्क को बेहतर करने के लिए दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का एक नोड बीडा में विकसित करने और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकतम छह माह में भूमि अधिग्रहण की सभी कार्यवाहियां पूरी की जाएं। इसके लिए एक सप्ताह में रजिस्ट्री और राजस्व विभाग के अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती और 15 दिनों में इंजीनियर, टाउन प्लानर और आर्किटेक्ट की नियुक्ति की जाए।